भारतीय जनता पार्टी

(केंद्रीय कार्यालय)
11, अशोक रोड, नई दिल्ली - 110001
फोन: 011-23005700, फैक्स: 011-23005787

12 दिसंबर, 2015

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह द्वारा श्री गोपीनाथ मुंडे के जन्म दिवस के उपलक्ष्य में गोपीनाथ-गढ़ के उद्घाटन अवसर पर दिए गए सम्बोधन के मुख्य अंश

श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने और देवेन्द्र जी की अगुआई में महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए काफी काम किया है: अमित शाह

****

श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 2019 तक देश के हर किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने का फैसला किया है ताकि कृषि का समुचित विकास हो सके और किसानों को कृषि में आसानी हो सके: अमित शाह

****

श्री गोपीनाथ मुंडे जी ने भाजपा को दलितों, पिछड़ों, गरीबों और मजदूरों तक पहुँचाने का जो भगीरथ प्रयास किया, उसी के बल पर आज महाराष्ट्र में भाजपा का वैभव और उसकी सरकार है: अमित शाह

****

भाजपा का हरेक कार्यकर्ता श्री गोपीनाथ मुंडे जी के सिद्धांतों और उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर उनके विचारों और सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है: अमित शाह

****

शासन भोग के लिए नहीं होता, यह दबे-कुचले, पिछड़े तथा दलितों एवं गरीबों के कल्याण के लिए होता है: अमित शाह

****

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने आज शनिवार को महाराष्ट्र के बीड जिले में स्वर्गीय श्री गोपीनाथ मुंडे के जन्म दिवस की जयंती के उपलक्ष्य में गोपीनाथ-गढ़ का उद्घाटन किया और इस अवसर पर आयोजित सभा में उपस्थित विशाल जन-समुदाय को सम्बोधित किया। भाजपा अध्यक्ष ने अपने उद्बोधन की शुरुआत करते हुए कहा कि मैं श्री गोपीनाथ मुंडे जी की जन्म जयंती पर भाजपा के करोड़ों कार्यकर्ताओं की तरफ से अपना श्रद्धा-सुमन अर्पित करने आया हूँ।

श्री शाह ने सभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि श्री गोपीनाथ जी ने अपनी छोटी सी आयु में ही महाराष्ट्र में भाजपा संगठन की जो नींव रखी और भाजपा को दलितों, पिछड़ों, गरीबों और मजदूरों तक पहुँचाने का जो भगीरथ प्रयास किया, उसी के बल पर आज महाराष्ट्र में भाजपा का वैभव और उसकी सरकार है। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र के उप-मुख्यमंत्री और गृहमंत्री रहते हुए श्री गोपीनाथ जी ने जो उपलब्धियां हासिल की, वह अतुलनीय है। श्री शाह ने कहा कि श्री मुंडे जी ने महाराष्ट्र के गृहमंत्री रहते हुए राज्य पर से अपराधी तत्वों के हावी रहने के बदनामी के कलंक को धोया। उन्होंने कहा कि जब केंद्र में श्री नरेन्द्र मोदी की अगुआई में भाजपा की सरकार बनी तो श्री गोपीनाथ मुंडे की कार्यकुशलता को देखते हुए उन्हें गाँवों, गरीबों, मजदूरों, दलितों और पिछड़ों के उत्थान के लिए ग्रामीण विकास मंत्रालय का प्रभार दिया गया।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि भाजपा का हरेक कार्यकर्ता श्री गोपीनाथ जी के सिद्धांतों और उनके द्वारा दिखाए गए रास्ते पर चलकर उनके विचारों और सपने को साकार करने के लिए प्रतिबद्ध है। श्री शाह ने कहा कि शासन भोग के लिए नहीं होता, यह दबे-कुचले, पिछड़े तथा दलितों एवं गरीबों के लिए होता है और मुझे पूरा विश्वास है कि श्री देवेन्द्र जी के नेतृत्व में जल्द ही महाराष्ट्र देश का अग्रणी राज्य बनने के पथ पर खड़ा होगा।

श्री शाह ने कहा कि महाराष्ट्र की वर्तमान भाजपा-नीत सरकार पर विपक्ष भी भ्रष्टाचार का कोई आरोप नहीं लगा सकती। उन्होंने कहा कि महाराष्ट्र की पिछली कांग्रेस-राष्ट्रवादी कांग्रेस सरकार ने 75 हजार करोड़ से अधिक की राशि सिंचाई के लिए खर्च की लेकिन वह राज्य की एक इंच की भी भूमि को सिंचित नहीं कर पाई जबकि वर्तमान देवेन्द्र सरकार ने मात्र 7500 करोड़ रुपये की राशि से राज्य के 6200 गाँवों की खेतों तक सिंचाई व्यवस्था पहुँचा कर एक नया आयाम स्थापित किया है।

भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार और देवेन्द्र जी की अगुआई में महाराष्ट्र सरकार ने किसानों के कल्याण के लिए काफी काम किया है। उन्होंने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी ने प्रधानमंत्री बनते ही किसानों को उनके फसल क्षति पर मुआवजे के मापदंड को 50% से घटाकर 33% कर दिया तथा साथ ही उन्होंने मुआवजे की राशि में 50% की बढ़ोत्तरी भी की। श्री शाह ने कहा कि श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने 2019 तक देश के हर किसान को मृदा स्वास्थ्य कार्ड देने का फैसला किया है ताकि कृषि का समुचित विकास हो सके और किसानों को कृषि में आसानी हो सके। श्री शाह ने कहा कि मुद्रा बैंक योजना, जीवन ज्योति बीमा योजना, जीवन सुरक्षा बीमा योजना, जन-धन योजना इत्यादि कई योजनाएँ वर्तमान केंद्र सरकार द्वारा गरीबों और पिछोड़ों की भलाई के लिए चलाई जा रही हैं जिसके अपेक्षित परिणाम भी अब मिलने शुरू हो गए हैं।

भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री अमित शाह ने कहा कि एक बार फिर मैं श्री गोपीनाथ जी को अपना विनम्र श्रद्धा-सुमनअर्पित करता हूँ और लोगों को आश्वस्त करना चाहता हूँ कि हमारी सरकार हमेशा दबे-कुचले, गरीबों, पिछड़ों, दलितों और किसानों के कल्याण के लिए निरंतर काम करती रहेगी।

(श्री अरुण कुमार जैन)
कार्यालय सचिव